सार-समाचार

पीएचसी भवन का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी

मेड़ता सिटी, (निसं.)। मेड़ता के समीपवर्ती ग्राम पंचायत गवारड़ी गांव के जैसास रोड़ पर स्थित करोड़ों की लागत से बना नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का रविवार को मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पिछले लम्बे समय से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदघाटन की बाट जोह रहा था। ग्राम पंचायत गवारड़ी में स्थित हाइवे रोड़ नेशनल 58 रोड़ पर स्थित अस्पताल पुराने भवन में संचालित हो रहा था। ग्रामीणों की मांग पर मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सके जिससे नये भवन का निर्माण कार्य हुआ लेकिन लम्बे तक उदघाटन के इंतजार कर रहा होस्पिटल का उदघाटन हो गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिलदार खान गवारड़ी, पूर्व सरपंच रामस्वरूप बडियासर, गवारड़ी बीसीएमओ चैनाराम कमेड़ीया, डॉक्टर कमलकिशोर बाना विजयप्रकाश महेरा नर्सिंग ऑफिसर सुपियारी देवी एएनएम सरिता चौधरी संतोष वैष्णव मेलनर्स रामनिवास गोरा समाज सेवक रामकुवार बडियासर मोहनराम पूनियां ओमप्रकाश बडियासर रामकिशोर नैना देवी लालसिंह चारण गोपाल सिंह सखावत सुखाराम पूनियां मंघाराम बेड़ा पप्पूराम ढाका हरिराम पूनियां केदार बडियासर कैलाश जावा छोटूराम बडियासर रामेश्वर प्रजापत धोलरेराव दलीप सिंह चारण डॉक्टर जितेंद्र खुर्रा सुनील बड़ोदा इंद्रराज खुर्रा ईश्वर खुर्रा डॉक्टर सुशील खुर्रा मोहनराम मेघवाल लूणाराम बडियासर रामकिशोर मुहाल सहित डॉक्टर व ग्रामीण मौजूद थे।

सरवाड़ में आंखों का जांच शिविर आयोजित

सरवाड़ (निसं.)। सरवाड़ शहर स्थित केशव आदर्श विद्यालय परिसर में निशुल्क आंखों का शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर स्व. रोशन लाल शारदा की पुण्य स्मृति में एवं दीपक शारदा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस शिविर में मोतियाबिंन्द नासूर जाला फुला एवं घोबा साहित अन्य रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन कर कृत्रिम लेन्स प्रत्यारोपण किया जाएगा। मरीजों के निशुल्क आंखों के ऑपरेशन होंगे। इस शिविर में आसपास के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समाजसेवी औम प्रकाश लड्डा ने बताया कि इस शिविर में 108 मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे यह ऑपरेशन योग्य पाए गए। वहीं रविवार को 300 मरीजों की जांच की गई। मरीजों के ऑपरेशन सोमवार व मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर में किए जाएंगे। वहीं इस दौरान डॉ. राकेश पोरवाल, डॉ. अर्चना व डॉ. रामस्वरूप हरसोलिया, डॉ. राजेश, डॉ. उर्वशी एवं डॉ सोनल असेरी एवं सहयोगियों ने इस शिविर में सहयोग किया। वहीं रोगियों के लिए आने जाने वालों के लिए आवास बिस्तर भजन फल दूध दवा एवं लैन्स आदि की व्यवस्था निशुल्क की गई । इस मौके सेवा भारती के अध्यक्ष सत्यनारायण डोडिया, राधेगोविंद मिश्र, पीरुलाल खींची, सज्जन सिंह जोधा, हितेंन्द पगारिया, किशन कुमार बांगड़, रूपचन्द्र माली, सविता शर्मा, पार्षद औमा मालाकार, बृजेश आसोपा, विजय कुमार लड्डा, राजेन्द्र हेड़ा, आशीष त्रिपाठी, सुरेश चन्द टेलर, लक्ष्मी नारायण टेलर, विक्की लड्डा, औम प्रकाश लड्डा साहित कई लोगों ने सेवाएं दी।

रूपनगढ़ में एस.डी.एम. का पद रिक्त

रूपनगढ़, (नि.सं.)। रुपनगढ़ के उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी का पद लंबे समय से खाली चल रहा है जिसके कारण आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पुष्कर विधानसभा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा कस्बा रूपनगढ़ है। इसके आसपास करीब 44 गांव लगते हैं। उसके बावजूद भी रूपनगढ़ में उपखंड अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है। जबकि रूपनगढ़ क्षेत्र में उपखंड अधिकारी का पद रिक्त करने होने के कारण लंबे समय से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में रुपनगढ़ उपखंड अधिकारी के पद का अतिरिक्त चार्ज पुष्कर उपखंड अधिकारी को दे रखा है। जबकि रूपनगढ़ कस्बा बड़ा है।जबकि यहां से मेगा हाईवे निकलता है साथ ही औद्योगिक क्षेत्र भी स्थित है। लेकिन इसके बावजूद भी पुष्कर विधानसभा के दूसरे सबसे बड़े कस्बे में आज तक रूपनगढ़ उपखंड अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है।

रूपाहेली के पास मां-बेटे पर सियार का हमला

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र स्थित रूपाहेली के निकट स्थित एक गांव में मां के साथ खेत पर मौजूद एक 13 माह के बच्चे पर सियार ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार मांडल थाना क्षेत्र स्थित रूपाहेली के निकट डोडवाना का खेड़ा निवासी दिनेश रैगर का 13 माह का बालक उसकी मां के साथ खेत पर झूले में झूल रहा था। इस दौरान अचानक सियार ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर मां दौड़ी और बच्चे को सियार से बचाया और तत्काल एमजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। घायल मासूम विराट रैगर का एमजी हॉस्पिटल में उपचार जारी है। बता दे कि गत कई दिनों मांडल क्षेत्र और उसके आसपास के इलाके में सियार का आतंक देखने को मिल रहा है। वन विभाग की लापरवाही के कारण आमजन दहशत में है।

गायत्री आश्रम नाले में युवक की लाश मिली

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित गायत्री आश्रम नाले में सवेरे एक युवक की तैरती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि मौके पर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए तैनात होमगार्ड जवान दीपक व्यास ने सूचना दी कि गायत्री आश्रम नाले में एक युवक की लाश तैरती हुई नजर आ रही है। इस सूचना पर थाना पुलिस प्रभारी गुर्जर जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कड़ी मशक्कत के बाद नाले से बाहर निकल कर एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टिया युवक की मौत हादसा लग रही है, क्योंकि उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। हादसा है या आत्महत्या इसका खुलासा मृतक की शिनाख्त के बाद ही हो पाएगा। पुलिस ने मृतक के शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया हुए मामले की जांच शुरू की है।

रूपनगढ़ मेगा हाइवे पर एलपीजी टैंकर पलटा

रूपनगढ़, (नि.सं.)। किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर रविवार अपराह्न रूपनगढ़ के पास एलपीजी से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे और आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई। जानकारी मिली कि टैंकर में गैस भरी हुई है और लीकेज हो सकता है। रूपनगढ़ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। यातायात डायवर्ट किया गया। लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया गया। तेल कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी गई। राहत की बात रही कि गैस का रिसाव नहीं हुआ और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लेकिन टैंकर का चालक घायल हो गया जिसको रूपनगढ़ के राजकीय चिकित्सालय से किशनगढ़ रैफर कर दिया गया। टैंकर पलटने से कोई हताहत नहीं हुआ।

जन आरोग्य मेला लगाया

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के जन औषधि दिवस के उपलक्ष में जन आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को मणिक्य नगर रोड स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर किया गया । केंद्र संचालक अंकुर- किशनलाल मानसिंहका ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक चांदमल सोमानी, कार्यक्रम अध्यक्ष शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शंकर लाल धाकड़ ने किया। मेले के तहत डॉ शंकर लाल धाकड़ के निर्देशन में 174 लोगो की निशुल्क बीपी एवं शुगर की जांच की गईं। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर जेपी जीनगर, चित्रा वर्मा, अनिल सेन, अभिमन्यु पाराशर, उदय लाल साहू, राहुल बैरवा आदि ने सेवाएं दी।

सचिन पायलट का स्वागत आज

मसूदा, (निसं.)। मसूदा ब्लाक कांग्रेस कमेटी पायलट का स्वागत करेगी। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट का 3 मार्च सोमवार को सुबह 8 बजे बजे जयपुर से पाली जाते समय खरवा चौराहा, पर मसूदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत किया जाएगा।, ब्लॉक अध्यक्ष सलीम बाबू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मसूदा पूर्व विधायक राकेश पारीक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संग्राम सिंह गुर्जर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाए

मसूदा, (निसं.)। नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन की मुहिम को लेकर ढाई हजार से भी ज्यादा जरूरतमंद लोगों को भामाशाह सुनील कावड़िया लाभ पहुंचा चुके हैं। समाजसेवी कावड़िया ने धोलादाता निवासी रतन सिंह पुत्र मंगल सिंह का नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाया गया है। कावड़िया द्वारा जरूरत मंद पीड़ितों के नि:शुल्क करवाए गए नेत्र ऑपरेशन की संख्या 2518 तक हो गई है।

झूलेलाल धाम में फाल्गुन चंड उत्सव, कैलेंडर का विमोचन

अजमेर, (कासं)। देहली गेट स्थित झूलेलाल धाम में फागुन चण्ड उत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

पूज्य लालसाहिब मंदिर सेवा ट्रस्ट के महासचिव जयकिशन पारवानी ने बताया कि इस अवसर पर शाम 5 बजे बहराणा साहब की स्थापना, 6 बजे प्रधान ट्रस्टी प्रभु लौंगानी के सानिध्य में बहन सीमा पमनानी, कमला हरपलानी, विद्या तेजवानी, योगिता आसनानी, नीतू कलवानी, किरण तीर्थनी, सीमा लालवानी सहित झूलेलाल मंडली ने झूलेलाल स्तुति झूलेलाल चालिहा का पाठ, भजन कीर्तन व पंजड़े की प्रस्तुतियां दी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशों से अजमेर में वर्षों से चले आ रहे गुलामी के प्रतीकों को हटाने और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए फॉयसागर का नाम बदलवाकर वरुण सागर किए जाने पर सिन्धी समाज हर्ष का माहौल देखा गया। झूलेलाल धाम में पूज्य लालसाहिब मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष हेमनदास छबलानी की अध्यक्षता में समस्त ट्रस्टी सेवाधारी व समाज जन द्वारा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का हार्दिक आभार अभिनंदन किया गया।

मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में झूलेलाल कैलेंडर 2025 का विमोचन करने के बाद पंज महाज्योत प्रज्वलित कर झूलेलाल की आरती पल्लव के बाद ढोल शहनाई की धुन पर छेज व डांडिया का कार्यक्रम हुआ, जिसके बाद पंज महाज्योत का विसर्जन मंदिर परिसर में स्थित बालम्बों साहिब ;कुआंद्ध में किया गया। इस अवसर इस अवसर पर ट्रस्ट के हीरालाल कलवानी, ताराचंद लालवानी, मनोज पमनानी,राजकुमार हरिरामानी, पार्षद दीपेंद्र लालवानी, रमेश चेलानी, विजय कुमार हंसराजानी, हरीश भाटिया आदि उपस्थित थे।

जैन संतों का ससंघ मंगल प्रवेश 4 को

अजमेर, (कासं)। आचार्य भगवंतों की पावन पधरामणी आध्यात्म नगरी अजमेर में 180 उपवास 7 बार करने वाले तपोरत्न पूज्य आचार्य शिजय हंसरत्नी सूरीश्वरजी महाराजा एवं प्रवचन प्रभावक पूज्य आचार्य विजय तत्व दर्शन सूरि महाराजा ससंघ अजमेर में मंगल प्रवेश 4 मार्च को होगा।

मंत्री पूनमचंद करनावट ने बताया कि आचार्य शिजय हंसरत्नी सूरीश्वरजी महाराजा एवं प्रवचन प्रभावक पूज्य आचार्य विजय तत्व दर्शन सूरि महाराजा मेड़ता से अजमेर की तरफ विहार करते हुए 4 मार्च को प्रातः पुष्कर रोड स्थित विजय कलापूर्ण सूरि जैन आराधना भवन में मंगल प्रवेश करेंगे।

इस अवसर प रजिनवाणी प्रवचन प्रातः 9:30 बजे होगा। करनावट ने बताया कि महाराज जी का गत चातुर्मास जोधपुर में हुआ एवं फलोदी, नागौर, मेड़ता रोड फलवृद्धि पार्श्वनाथ, मेड़ता, पुष्कर होते हुए विहार अजमेर पधार रहे हैं, जिनका आगामी चातुर्मास वर्ष 2025 दिल्ली में होने की संभावना है। करनावट ने बताया आचार्य भगवंत ससंघ धार्मिक नगरी पुष्कर में मंगल प्रवेश को लेकर समाज के लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं।

नागौर में पोटलिया का अभिनंदन किया

मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू के नेतृत्व में नागौर भाजपा जिला अध्यक्ष रामधन पोटलिया का अभिनंदन किया।

मेड़ता सिटी, (निसं.)। भारतीय जनता पार्टी नागौर जिलाध्यक्ष रामधन पोटलिया रविवार को मेड़ता दौरे पर रहे। पोटलिया जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मेड़ता आगमन पर मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहना कर अभिनंदन किया

जिला अध्यक्ष पोटलिया ने ऐतिहासिक चारभुजा नाथ मंदिर में मीरा बाई व चारभुजा नाथ के दर्शन किए साथ ही मेड़ता नगरपालिका में भाजपा कार्यकताओं के बैठक ली। वही आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से किया गया संवाद किया।

जिलाध्यक्ष पोटलिया ने निर्वाचन हेतु जताया आभार। वही मेड़ता मंडल अध्यक्ष के लेकर चल रहे विवाद को भी लेकर जिला अध्यक्ष पोटलिया ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व दे दिया हे वो उसी दायित्व के साथ काम कर थे हे। किसी को पसंद आना ना आने से कुछ नहीं होता। जो संगठन के साथ हे ओर संगठन द्वारा दिए गए दायित्व पर कार्य कर रहा हे वो उस पर कार्य को लेकर निर्वाहन करेंगे। मेड़ता में मंडल अध्यक्ष मोहित माली व मुक्ति लाल नागौर दोनों ही मंडल अध्यक्ष पद पर कार्य कर रहे हे। इस मौके पर अजमेर विधायक अनिता भदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, वरिष्ठ नेता जगवीर छाबा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनराम गोरा, मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी, उपजिला प्रमुख शोभाराम जयपाल, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री रामेश्वर छाबा, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल, उपप्रधान राजवीर जाजड़ा, कल्पना चौहान, सी पी बिड़ला, तुलसी राम प्रजापत, विनोद भाटी , कैलाश जांगिड़, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

बड़ों के साथ नन्हें बच्चों ने रखा रोजा

अजमेर, (कासं)। रहमत और बरकतों का माह रमजान रविवार से शुरू हुआ। मुस्लिमों ने पहला रोजा रखा, दिनभर रोजा रखने के बाद शाम को रोजा खोला। रमजान के मुबारक महीने में पौ फटने से पहले ही अकीदतमंदों ने खाना-पीना बंद कर दिया।

दिनभर धर्मावलंबियों ने भूखे प्यासे रह खुदा की इबादत कर रोजेदार अपने अंदर तकवा और परहेजगारी की सिफत पैदा की। वहीं बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चों ने भी रोजा रखा है। बच्चों ने रोजा रखकर नसीहत पेश की है। शाम को बड़े पीर की पहाड़ी से तोप का गोला दागा गया। इसके बाद फल व पिंड खजूर के साथ इफ्तार हुआ। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज हुई उसके बाद ईशा की नमाज में ही तरावीह की विशेष नमाज अदा की गई।

अब्दुल मुगनी चिश्ती ने बताया कि रमजान को पाक और अल्लाह की इबादत का महीना माना जाता है, रमजान माह में अल्लाह हर एक नेकी के बदले कई गुणा नेकियों का सवाब अता फरमाते हैं। अनवर पहलना ने बताया कि घर के सभी बड़े-बुजुर्गों को रोजा रखते हैं, इस कारण उन्होंने भी रोजा रखा है। निदा, हुदा, जरा ने पहला रोजा रखकर कर बहुत खुशी हो रही है, हर साल पूरे रमजान की रोजे रखेंगे।चिश्ती ने बताया कि मुस्लिम परिवार में कोई छोटा बच्चा अपना पहला रोज़ा रखता है और उसे पूरा करता है, तो उसके बाद रोजा कुशाई की रस्म अदा की जाती है। इसका मतलब होता है रोज़ा खोलना, जिस तरह से किसी बच्चे का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया जाता है, उसी तरह कुशाई की रस्म होती है।

चाकूबाजी के आरोपी गिरफ्तार

ब्यावर, (निसं)।मसूदा रोड स्थित एक चाय की थड़ी पर गति 22 फरवरी की रात को महज 3 हजार रुपए के लेनदेन को लेकर हुई चाकू बाजी की घटना का खुलासा करते हुए सिटी थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की ।

22.फरवरी को लूलवा निवासी फिराज पुत्र लाला जाति मेहरात उम्र 23 साल ने सदर थाना में गैर ईलाज ट्रोमा वार्ड ऐकेएच ने इस आश्य का दिया कि 22.को शाम के करीब 08.बजे गीताजंली होस्पीटल के सामने मसूदा रोड पर एक चाय की होटल पर मैं तथा मेरा दोस्त फिरोज पुत्र रोशन मेहरात उम्र 22 साल निवासी झुंझारो का बाडीया व जाकीर पुत्र रमझान मेहरात निवासी झुझांरो का बाडीया तीनो बैठे हुऐ थे। उस समय एक सफेद स्कौरपियो व एक आई 20 कार में 01. साजिद कायमखानी निवासी बलाड.और . राहुल काठात निवासी लसाडिया, सकिल उर्फ सुल्झा काठात निवासी मसूदा रोड व इसके साथ 2- 3 व्यक्ति आये व साथी फिरोज पुत्र रोशन के चाकु से वार किया। बीच बचाव किया तो मेरे भी वार कर दिया। सीने पर सामने व फिरोज पुत्र रोशन के दाहिनी तरफ पसलियों व दाहिने पेर की जांघ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया । हमारे उपर चाकू से जान लेवा हमला किया गया और वो गाडीयो मे बैठ कर फरार हो गये । साजिद मेरे दोस्त विनेस रावत से 3000 रुपये मांगता था जिस कारण हमारे उपर हमला किया। आदि पर मुकदमा दर्ज कर अंनुसधांन शुरू किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आई.पी.एस. के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृत्ताधिकारी वृत राजेश कसाना के सुपरविजन में थानाधिकारी द्वारा विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया और सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। मुखबीर द्वारा पुलिस टीम को मिली जानकारी के अनुसार घटना का मुख्य आरोपी लोधा का बाडिया बलाड रोड निवासी साजिद शेख पुत्र सलीम खान शेख मुसलमान उम्र 26 साल,लसाडिया निवासी मेहम्मद उर्फ राहुल पुत्र सुवा लाल काठात मेहरात उम्र 26 साल को गिरफ्तार किया गया।

कमला के कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

अजमेर, (कासं)। नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र स्थित भटियाणी गांव में शनिवार को हुई दिन दहाड़े बुजुर्ग महिला कमला देवी हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए अजमेर पुलिस की कई टीम जी जान से जुटी हैं। कत्ल के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। संगीन वारदात में नशेडियों का हाथ हो सकता है? इस संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा। बिना नंबरी संदिग्ध वाहन की भी सरगमी से तलाश जारी है। 60 वर्षीय कमला चौधरी के शरीर से सोने के मांदलिया, सोने की नथ, कानों की झुमकी और बोर नहीं मिलने से पुलिस की पहली तफ्तीश में ये मामला लूट की वजह से कत्ल का माना जा रहा है। पुलिस यह भी मान रही है कि हमलावर एक से ज्यादा थे, उन्होंने जल्दबाजी में सोने के आभूषण पर हाथ साफ किया, जबकि चांदी के कड़े और कनकती मौके पर ही पाए गए।

द्वारिकापुरी में फागोत्सव हुआ

पुष्कर में रामधाम तिराहे के पास श्री द्वारिकापुरी कृष्णा निवास में फाग महोत्सव का आयोजन किया।

पुष्कर, (निसं.)। रामधाम तिराये के समीप स्थित श्री द्वारिकापुरी कृष्णा निवास में रविवार को भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया। जिसमे भक्त जमकर फूलों से भगवान के साथ होली खेली।

इस मौके पर भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर मनमोहक झांकी सजाई गई। लाला इंटरनेशनल के निदेशक कांतिकुमार भोमिया उर्फ लाला भाई ने बताया कि फागोत्सव के तहत द्वारिकापुरी में भव्य सजावट की गई। द्वारिकापुरी को वृंदावन धाम की तर्ज पर दुल्हन की जैसे सजाया गया।

फाग उत्सव में भक्तगण भगवान लल्ला जी एवं कान्हा जी के साथ गुलाब के फूलों व गुलाल एवं इत्र के साथ जमकर होली खिलाई। संजय भोमिया ने बताया कि फागोत्सव में स्थानीय भजन गायको के द्वारा भगवान कृष्ण, फाग एवं होली के भजनों की प्रस्तुति दी। बताया कि फागोत्सव के अन्तर्गत श्री रमा वैकुंठ दिव्य देश नया रंगजी मंदिर के व्यवस्थापक सत्यनारायण रामावत एवं उमेश बोहरा के निर्देशन में भगवान का विशेष श्रृंगार कर मनमोहक झांकी सजाई गई।

सार-समाचार

केंद्रीय वि.वि. का स्थापना दिवस समारोह आज

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय अपना सत्रहवां स्थापना दिवस 3 मार्च 2025 को भव्य और दिव्य रूप से मनाने जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे माननीय प्रो. डी. पी. सिंह, पूर्व अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव करेंगे। आपको बता दे कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षा, शोध एवं समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्ति भाग लेंगे। आयोजन के दौरान इस वर्ष राजस्थान से पद्मश्री प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठित बैजनाथ महाराज, बेगम बतूल, शिव किशन बिस्सा (शीन काफ़ निज़ाम) को इस विशिष्ट समारोह में 'जीवन साधना गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 से एक परंपरा शुरू की है, जिसके अनुसार प्रति वर्ष स्थापना दिवस पर किसी एक कुलपति को इस अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अरुण कुमार पुजारी को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों में से सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता को भी पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन के विषय मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने बताया कि 'राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्टता को बढ़ाते हुए 16 वर्षों की एक गौरवपूर्ण यात्रा पूरी की है। इस ऐतिहासिक अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय परिवार पूरे उत्साह के साथ इस महत्वपूर्ण दिवस को एक यादगार अवसर बनाने के लिए तत्पर है।

हाथों में निशान लिए खाटू धाम चले यात्री

अजमेर, (कासं)। फाल्गुन लक्खी मेले के उपलक्ष में श्री खाटूश्याम नवयुवक मंडल सुंदरविहार परबतपुरा की ओर से 15वीं निशान पद यात्रा रविवार को खाटूधाम के लिए रवाना हुई। पदयात्रा का धार्मिक, सामाजिक सहित व्यापारिक संगठनों ने शहर भर में स्वागत द्वार बनाकर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया वहीं श्रद्धालुओं ने रथ में सवार बाबा श्याम की प्रतिमा की आरती उतारी। श्री खाटूश्याम नवयुवक मंडल के पदाधिकारी व यात्रा संयोजक पालाराम सैनी ने बताया कि फाल्गुन लक्कखी मेले के उपलक्ष में प्रतिवर्ष यह निशान पद यात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष भी यह 15वीं निशान पदयात्रा है। उन्होंने बताया कि निशान पदयात्रा सुन्दर विहार कॉलोनी परबतपुरा बाईपास स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर से प्रातः साढ़े सात बजे पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई। पदयात्रा परबतपुरा बाईपास, आदर्श नगर, नौ नंबर पेट्रोल पंप, नगरा, अलवर गेट, मार्टिंडबल ब्रिज होते हुए केसरगंज, मदार गेट, नया बाजार, आगरा गेट, बस स्टैंड होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए खाटूधाम के लिए रवाना हुई। नवयुवक मंडल के अंकित गौड, अरविंद गहलोत ने बताया कि पदयात्रा का शहर भर में धार्मिक, सामाजिक सहित व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह-जगह द्वार सजा कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के गंज पहुंचने पर महाआरती का आयोजन हुआ, इसके पश्चात यात्रा पुनः रवाना हुई। शहर भर में श्रद्धालुओं के लिए खाने पीने की चीजों का वितरण किया गया। सात दिवसीय यात्रा में सभी यात्रियों के लिए रहने खाने एवं समस्त सुविधाएं निःशुल्क रखी हैं। उनके मेडिकल की सुविधा भी की गई है।

इन्टेक चेयरमैन के लिए मतदान

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फ़ॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के भीलवाड़ा चेप्टर सदस्यों ने आज इन्टैक चेयरमैन व गवर्निंग कौंसिल मेम्बर चुनाव के लिए मतदान किया। इन्टैक के चेप्टर कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि मतदान के पश्चात सभी मतपत्र सील बंद कर नई दिल्ली हेड ऑफिस भिजवाये गये जहां देश भर से आने वाले मतों की गिनती की जायेगी और उसके बाद गवर्निंग कोन्सिल के नये सदस्यों की घोषणा की जायेगी। जाजू ने बताया कि कुमुद विहार में आज प्रातः 10 बजे हुए मतदान में कन्वीनर बाबूलाल जाजू, को कन्वीनर श्यामसुंदर जोशी, दिलीप गोयल, आर एल दरगड, गुमान सिंह पीपाड़ा, ओम प्रकाश हिंगड़, हरकलाल बिश्नोई, गोपाल नाराणीवाल, दिनेश अरोड़ा, रामगोपाल अग्रवाल, राजकुमार बुलिया, मुकेश अजमेरा, विद्यासागर सुराणा, ओम सोनी, सुरेश सुराना, राकेश बंब, अनुग्रह लोहिया सहित सदस्यों ने मतदान कर विचार व्यक्त किये।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

ब्यावर, (निसं) भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के अल्प प्रवास पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उदयपुर रोड आशापुरा माता मंदिर पर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, भाजपा नेता डूंगर सिंह रावत, विक्रांत सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, संतोष रावत, विजय दगदी, प्रदीप सिंह राठौड़, महामंत्री संतोष जाग्रत, सत्येंद्र यादव, नरेन्द्र सिंह रावत, सुरेन्द्र चनिया, हिमांशु शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक चौहान,गोलू पहलवान, ललित आसरवा, महिला मोर्चा अध्यक्ष तारा सोनी , लीला रावत, शिखा गुप्ता, राजेश जांगिड़, मनीष सोनी सहित कई जने उपस्थित रहे।

सचिन पायलट आज आएंगे अजमेर

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट 3 मार्च सोमवार को अजमेर आएंगे। प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने बताया कि सोमवार को सचिन पायलट का अजमेर आगमन पर अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी की और से सुबह 8:30 बजे अशोक उद्यान पर स्वागत किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पायलट प्रदेश एनएसयूआई की ओर से निकाली जाने वाली नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो साइकिल यात्रा में भाग लेने के लिए पाली प्रस्थान करेंगे।

आम सूचना

मुझ प्रार्थी के कब्जे एवं स्वामित्व के आवासीय फ्लैट क्रमांक,Cx/TF/7 स्थित योजना JP 12 रीजेंसी बिल्ड होम प्राइवेट लिमिटेड, श्यामपुर, बुहारिया,वाटिका रोड सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र क्रमांक,F-14/JP-12/(Cx/TF/7-MIG-A)JDA/JONE-14/AH P/2011/D-2423 मेरे आवास वकील कॉलोनी मांडलगढ़, जिला- भीलवाड़ा (राजस्थान) से फोटो कॉपी के लिए उपखण्ड कार्यालय के सामने ले जाते समय दिनांक 24 फरवरी 2025 को सुबह 11:00 बजे रास्ते में कहीं गिर गया, जिसकी मिसिंग रिपोर्ट भी थाना मांडलगढ़ जिला भीलवाड़ा में ऑनलाइन दर्ज करवा दी गई है। अतः जिस किसी को भी उक्त दस्तावेज मिले, कृपया सूचित करावे एवं इसका दुरुपयोग नहीं करें। प्रार्थी- नितिन सारस्वत पिता गिरधारी लाल आचार्य मांडलगढ़, जिला -भीलवाड़ा (राजस्थान) मोबाइल नंबर 9982182782

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़

नैक द्वारा ग्रेड A++ मान्यता प्राप्त
यूजीसी द्वारा श्रेणी-। विश्वविद्यालय का दर्जा

सत्रहवां स्थापना दिवस

सोमवार, 03 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे

सत्रहवें स्थापना दिवस समारोह में आप सादर आमंत्रित हैं।

माननीय प्रो. डी. पी. सिंह
पूर्व अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली
इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

प्रो. आनंद भालेराव
कुलपति, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय
समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

जीवनसाधना गौरव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
राजस्थान से **पद्मश्री सम्मानित**

◆ श्री बैजनाथ महाराज ◆ श्रीमती बेगम बतूल
◆ श्री शिव किशन बिस्सा (शीन काफ़ निज़ाम)

एवं

प्रो. अरुण कुमार पुजारी
पूर्व कुलपति, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय

LIVE Watch Live
https://youtube.com/live/fZLN-DIpqWI?feature=share उत्तराकांक्षी : कुलसचिव

वेबसाइट : www.curaj.ac.in केवल आमंत्रण द्वारा प्रवेश

CURajasthan CURajasthanofficial @curaj_official @curajofficial